

# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 463



दिनांक - 01.06.2020 दिन - सोमवार

❖अमेरिका की स्पेस एजेंसी NASA (नैशनल ऐरोनॉटिक्स ऐंड स्पेस ऐडमिनिस्ट्रेशन) ने आखिरकार 9 साल बाद इतिहास कायम कर लिया है। अमेरिका की धरती से लॉन्च किया गया स्पेसक्राफ्ट Crew Dragon इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन (ISS) पहुंच गया है। भारतीय समय के अनुसार शनिवार देर रात करीब 1 बजे फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड से Elon Musk की कंपनी SpaceX के Falcon 9 रॉकेट से लॉन्च किया गया था। ऐसा पहली बार हुआ है कि ऐस्ट्रोनॉट्स किसी प्राइवेटकंपनी के रॉकेट से स्पेस के लिए निकले हैं।

❖चीन ने धमकी दी है कि अगर ताइवान एकीकरण के लिए तैयार नहीं हुआ तो उस पर हमला किया जाएगा. यह बयान ऐसे समय पर आया है जब चीन हॉन्ग कॉन्ग पर पूरा नियंत्रण हासिल करने के लिए नेशनल सिक्योरिटी कानून लागू कर रहा है.

❖हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में कोरोना लॉकडाउन के इस दौर में मास्क नहीं पहनने और सार्वजनिक स्थानों पर थूकने पर 500 रुपये का जुर्माना देना पड़ेगा।


❖डिपार्टमेंट ऑफ प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (DPIIT) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, 2019-20 के दौरान सिंगापुर भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत था। इसके बाद मॉरीशस और नीदरलैंड का स्थान था। आंकड़ों से यह भी पता चला कि 2019-20 में भारत में FDI 13% बढ़कर एक रिकॉर्ड उच्च स्तर 49.97 बिलियन डॉलर हो गया है। अधिकतम विदेशी प्रवाह सेवा क्षेत्र में था, जिसके बाद कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयरथे।

❖प्रतिवर्ष 28 मई को दुनिया भर में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह एक वैश्विक मंच है जो जर्मन गैर-लाभकारी संगठन WASH यूनाइटेड द्वारा शुरू किया गया है। इस वर्ष, मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का विषय 'पीरियड्स इन पैन्डेमिक' है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 464

दिनांक - 02.06.2020 दिन - मंगलवार

❖नेशनल जियोग्राफिक चैनल ने केंद्रीय पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के सहयोग से ‘स्वच्छ भारत: भारत की स्वच्छता क्रांति’ नामक एक फ़िल्म जारी की है। इस फिल्म का प्रीमियर हाल ही में भारतीय राष्ट्रपति के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग और नेट जिओ चैनल पर किया गया था। इस फिल्म को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के यूट्यूब चैनल पर भी उपलब्ध कराया गया है। कई ‘स्वच्छता के राजदूत’ इस फिल्म में योजना के साथ अपने संबंध साझा करते हैं।

❖चीन ने हाल ही में घोषणा की कि वह भारत से सूअर, जंगली -सूअर और सूअर के मांस से संबंधित उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाएगा। भारत ने पिछले महीने असम में अफ्रीकन स्वाइन फीवर (एएसएफ) की सूचना दी थी।

❖केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि किसानों को राहत देने के लिए 14 खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 50 प्रतिशत से 83 प्रतिशत की वृद्धि की गई है. उन्होंने कहा कि वर्ष 2020-21 के लिए धान का एमएसपी 1,868 रुपये/क्विंटल है, ज्वार 2,620 रुपये/क्विंटल, बाजरा 2,150 रुपये/क्विंटल और राई, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन, तिल व कपास का एमएसपी 50 प्रतिशत बढ़ा है.


❖महाराष्ट्र सरकार ने लॉकडाउन की अवधि को 30 जून तक बढ़ा दिया है.

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 465



दिनांक - 03.06.2020 दिन - बुधवार

❖31 मई, 2020 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के प्रति 'मन की बात' संबोधन के दौरान 'मेरा जीवन मेरा योग' (My Life My Yoga) (इसे 'जीवन योग' भी कहा गया है) वीडियो ब्लॉगिंग प्रतियोगिता की घोषणा की। यह आयुष मंत्रालय और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) का संयुक्त प्रयास है। इस वीडियो ब्लॉगिंग प्रतियोगिता का उद्देश्य योग के बारे में लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना और आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2020 के अवलोकन में सक्रिय भागीदार बनने के लिये प्रेरित करना है।


❖भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) 'ग्रासरूट' के खिलाड़ियों को पहली बार राष्ट्रीय स्तर की ओपन ऑनलाइन कोचिंग और शिक्षा कार्यक्रम उपलब्ध कराने के लिये एक जून से राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के साथ मिलकर "खेलो इंडिया ई-पाठशाला' शुरू किया है। इस कार्यक्रम में 21 खेलों को शामिल किया गया है।

❖प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म 'चैंपियन्स' यानी क्रिएशन एंड हार्मोनियस एप्लीकेशन ऑफ मार्डन प्रोसेसेज फॉर इंक्रीजिंग द आउटपुट एंड नेशनल स्ट्रेंथ नाम के पोर्टल का शुभारंभ किया है। यह पोर्टल एमएसएमई की छोटी-छोटी इकाइयों की मदद करके उन्हें बढ़ाने के लिए जरुरी हर प्रकार आवश्यक प्रयास करेगा। इसे MSME मंत्रालय का इन छोटी इकाइयों के लिए वन स्टॉप साल्यूशन माना जा रहा है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 466

दिनांक - 04.06.2020 दिन - गुरुवार

❖रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा "अल्ट्रा स्वच्छ" नामक एक कीटाणुशोधन इकाई विकसित की गई है। इसे इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों, कपड़े, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) सहित विभिन्न प्रकार की सामग्रियों को कीटाणुरहित करने के लिए विकसित किया गया है।

❖इंडियन एनर्जी एक्सचेंज द्वारा अपने प्लेटफॉर्म पर "रियल-टाइम इलेक्ट्रिसिटी मार्केट (RTM)" को लॉन्च किया गया है, जो 01 जून 2020 से प्रभावी हो गया।

❖1 जून, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'स्पिक मैके अनुभव' (SPIC MACAY Anubhav) नामक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया। यह पहली बार है जब इस सम्मेलन का आयोजन ऑनलाइन किया गया है।सम्मेलन का आयोजन 1-7 जून 2020 तक किया जा रहा है। स्पिक मैके (Society for the Promotion of Indian Classical Music And Culture Amongst Youth-SPIC MACAY) एक गैर-राजनीतिक, राष्ट्रव्यापी, स्वैच्छिक आंदोलन है जिसकी स्थापना IIT-दिल्ली में प्रोफेसर रह चुके डॉ. किरण सेठ ने वर्ष 1977 में की थी। स्पिक मैके का मुख्यालय नई दिल्ली में है।

❖जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने एक 'मीडिया नीति-2020' (Media Policy-2020) को मंज़ूरी दी है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य और प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में लोगों तक पहुँचने के लिये एक मानक संचालन प्रक्रिया को लागू करना और फेक न्यूज़ रोकना है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



**सामयिकी कोना , अंक - 467**

दिनांक - 05.06.2020 दिन - शुक्रवार

भारत सरकार ने 'वंदे भारत मिशन' के तहत विदेशों से लौटने वाले भारतीय नागरिकों का कौशल मानचित्रण करने के लिए एक नई पहल 'SWADES' (स्किल्ड वर्कर्स अराइवल डेटाबेस फॉर एम्प्लॉयमेंट सपोर्ट) शुरू की है। इस पहल का लक्ष्य भारतीय और विदेशी कम्पनियों की मांग को समझने और उसे पूरा करने के लिए उनके कौशल और अनुभव के आधार पर योग्य नागरिकों का एक डेटाबेस तैयार करना है। यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और विदेश मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है। विदेशों से लौटने वाले नागरिकों के आवश्यक विवरण एकत्र करने के लिए ऑनलाइन फॉर्म तैयार किया गया है, जो www.nsdcindia.org/swades पर उपलब्ध होगा।

कोटक महिंद्रा बैंक के मौजूदा सीईओ उदय कोटक को अब साल 2020-21 के लिए उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (Confederation Of Indian Industry) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 03 जून 2020 को पर्यावरण के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और भूटान के बीच समझौता ज्ञापन को मंजूरी दे दी. यह दस वर्ष की अवधि के लिए लागू रहेगा.

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 468

दिनांक - 06.06.2020 दिन - शनिवार

❖भारत सरकार ने शहरी क्षेत्रों में वन आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से "नगर वन (शहरी वन)" कार्यक्रम शुरू किया है। "नगर वन (शहरी वन)" कार्यक्रम देश भर के 200 निगमों और शहरों के साथ शुरू किया गया है। "नगर वन" कार्यक्रम का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में पूरे भारत में 200 शहरी वन विकसित करना है, जिसमें लोगों की भागीदारी और वन विभाग, नगर निकायों, गैर सरकारी संगठनों, निगमों और स्थानीय नागरिकों के बीच समन्वय स्थापित करना शामिल है।

❖भारत ने ब्रजेंद्र नवनीत को विश्व व्यापार संगठन में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया है। उन्हें भारत के स्थायी मिशन (Permanent Mission of India) में जिनेवा में डब्ल्यूटीओ में तैनात किया जाएगा।

❖विश्व आर्थिक मंच  जनवरी, 2021 में यूनिक ट्विन समिट की मेजबानी करेगा। ट्विन समिट प्रतिभागियों की हिस्सेदारी के साथ-साथ वर्चुअल माध्यम से दावोस में आयोजित की जाएगी, जिसमें विश्व प्रमुख सरकारी और व्यापारिक नेता हिस्सा लेंगे। इस शिखर सम्मेलन का विषय “The Great Reset” होगा। दावोस शिखर सम्मेलन में वैश्विक सरकार और व्यापार जगत के प्रमुख नेताओं को एक साथ लाएगा और ग्रेट रीसेट संवाद पारंपरिक सोच की सीमाओं से परे जाकर सोचने के लिए प्रोत्साहित करेगा। "द ग्रेट रिसेट" विश्व आर्थिक मंच और एचआरएच द प्रिंस ऑफ वेल्स की एक संयुक्त पहल है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 469

दिनांक - 07.06.2020 दिन - रविवार

❖जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू ने सरकारी कर्मचारियों के लिए सैलरी ट्रैकर मोबाइल ऐप MeraVetan (संस्करण -1) लॉन्च की है। लॉन्च की गई इस नई एप्लिकेशन का उद्देश्य कर्मचारियों को वेतन संबंधी जानकारी प्रदान करना है।

❖हाल ही में आयोजित की गई वर्चुअल ग्लोबल वैक्सीन समिट 2020 की मेजबानी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा की गई। इस समिट में भारत का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

❖छत्तीसगढ़ पुलिस ने अपने कार्मिकों के मानसिक तनाव और डिप्रेशन की जांच करने और उनके लिए परामर्श सत्र, संगीत और योग थेरेपी की व्यवस्था करने के लिए एक विशेष अभियान "स्पंदन" शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य पुलिस बल को डिप्रेशन और तनाव से बचाने के लिए जरुरी कदम उठाना है।

❖एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने भारत को 2022 महिला एशियाई कप के मेजबानी सिफारिश की है. यह 1979 के बाद से दूसरी बार है जब  टूर्नामेंट का आयोजन भारत में किया जाएगा. मेजबान के रूप में, भारत टूर्नामेंट के लिए ऑटोमेटिक रूप से योग्य हो जायेगा.

❖मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने "Safe online learning in the times of COVID-19 " नामक इनफार्मेशन बुकलेट लॉन्च की. ऑनलाइन सुरक्षित रहने के बारे में छात्रों और शिक्षकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) और UNESCO नई दिल्ली कार्यालय द्वारा  बुकलेट बनाई गई है.

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 470



दिनांक - 08.06.2020 दिन - सोमवार

❖विश्व आर्थिक मंच (WEF) जनवरी, 2021 में एक अद्वितीय "ट्विन समिट" की मेजबानी करेगा. "द ग्रेट रिसेट" थीम पर अद्वितीय 'ट्विन समिट' स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित की जाएगी।

❖केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राजमार्गों पर मानव और पशु मृत्यु दर पर रोकथाम पर यूएनडीपी और एमओआरटीएच के राष्ट्रीय जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया है।

❖भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 05 जून 2020 को छोटे शहरों और पूर्वोत्तर राज्यों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने हेतु 500 करोड़ रुपये का भुगतान संरचना विकास कोष (पीआईडीएफ) बनाने की घोषणा की है. इसके तहत छोटे शहरों और पूर्वोत्तर राज्यों में पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) उपकरण लगाए जाएंगे. इस कोष में केंद्रीय बैंक शुरुआती 250 करोड़ रुपये का योगदान देगा.

❖हाल ही में बिजली के क्षेत्र में अखिल भारतीय रियल-टाइम मार्केट की औपचारिक शुरुआत हुई. इससे उपभोक्ताओं को डिलीवरी से ठीक एक घंटे पहले बिजली खरीदने की अनुमति मिलेगी.

❖रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल ही में साइबेरिया में आपातकाल लगाने की घोषणा कर दी है. यह फैसला उन्होंने एक ऊर्जा संयंत्र भंडारण केन्द्र से लगभग 20 हजार टन डीजल बहने के बाद लिया है. यह घटना नॉरिल्स्क शहर के बाहरी इलाके में स्थित ऊर्जा संयंत्र में हुई। ईंधन को आंबरनया नदी में मिलने से रोकने हेतु अवरोधक लगाए गए हैं.

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 471

दिनांक - 09.06.2020 दिन - मंगलवार

❖भारत सरकार द्वारा शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर, कुल प्रजनन दर, जन्म के समय लिंग अनुपात, बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) सहित पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित सभी अन्य मुद्दे के मूल्यांकन के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इस टास्क फोर्स का गठन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया गया है, इसका नेतृत्व जया जेटली करेंगी।

❖वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने भारत में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के साथ साझेदारी की है। AIM भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जो देश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देती है।

❖धातु शोधन एवं नई सामग्री के लिए अंतरराष्ट्रीय उन्नत अनुसंधान केंद्र International Advanced Research Centre for Powder Metallurgy and New Materials (ARCI) के वैज्ञानिकों ने एक दुर्लभ धातु आधारित मैग्नेटोकैलोरिक सामग्री तैयार की है, जिसे कैंसर के उपचार के लिए प्रभावी रूप से इस्तेमाल किया जा सकेगा।

❖ पश्चिम बंगाल में 30 जून तक लॉकडाउन को बढ़ाने का फैसला किया गया है.

❖संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में युद्धग्रस्त यमन में दी जाने वाली सहायता राशि में कटौती करने का निर्णय लिया है. यह निर्णय ऐसे समय में किया गया है जब यमन कोरोना वायरस और गृहयुद्ध जैसी दोहरी समस्याओं से जूझ रहा है.

❖न्यूजीलैंड कोरोना वायरस को मात देने में कामयाब रहा है और पूरी तरह से कोरोना मुक्त हो गया है.

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 472

दिनांक - 10.06.2020 दिन - बुधवार

❖मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्ट्रीट वेंडर पंजीकरण पोर्टल http://www.mpurban.gov.in/ और "मुख्यमंत्री शहरी पथ व्यवसायी उत्थान योजना" की शुरूआत की है और इसके लिए शहरी निकायों को 300 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि कार्यक्रम योजना के साथ-साथ शहरी पथ व्यवसायी उत्थान योजना को राज्य के शहरी व्यवसायियों को लाभान्वित करने के लिए शुरू किया गया है।

❖ओडिशा के मंत्रिमंडल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "बंदे उत्कल जननी" को ओडिसा गान का दर्जा देने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। इस एंथम को 1912 में कांताकवि लक्ष्मीकांता महापात्र द्वारा लिखा गया था।

❖टेक महिंद्रा ने संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पेक्ट के साथ एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं और जिसके साथ ही वह 155 वैश्विक कंपनियों के समूह में शामिल हो गया है, ताकि भविष्य में आने वाले खतरे से निपटने के लिए नीतियों को लचीलापन बनाने के लिए का सहयोग किया जा सके।

❖बायोकॉन लिमिटेड की कार्यकारी अध्यक्ष किरण मजुमदार शॉ को EY वर्ल्ड एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर 2020 का खिताब दिया गया है। वह पुरस्कार जीतने वाली भारत की पहली महिला उद्यमी होने के साथ-साथ 20 सालों के इतिहास में खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय हैं।

❖महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक इंजीनियर द्वारा COVID-19 मरीजों की देखभाल करने वाले लोगों के शारीरिक संपर्क को कम करने के लिए 'Coro-bot' नामक एक रोबोट विकसित किया गया है। इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियर, प्रतीक तिरोड़कर ने नर्सों और वार्ड स्वास्थ्य कर्मियों के शारीरिक संपर्क को कम करने के लिए 'कोरो-बॉट' रोबोट विकसित किया क्योंकि कोविड-19 अस्पतालों में काम करते समय उन्हें सदैव एक बड़ा जोखिम का सामना करना पड़ता हैं।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 473

दिनांक - 11.06.2020 दिन - गुरुवार

- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी द्वारा आंध्र प्रदेश पर्यावरण प्रबंधन निगम (Andhra Pradesh Environment Management Corporation -APEMC) की ऑनलाइन वेस्ट एक्सचेंज वेबसाइट का शुभारंभ किया गया है। इस वेबसाइट को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लॉन्च किया गया था। इसी के साथ आंध्र प्रदेश कचरा एक्सचेंज वेबसाइट शुरू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। राज्य सरकार इस मंच के जरिए जहरीले कचरे के 100% सुरक्षित निपटान, उचित ट्रैकिंग, जांच और कचरे के ऑडिट को कवर करके पर्यावरण का संक्षरण सुनिश्चित करेगी।
- गूगल क्लाउड ने अनिल वल्लूरी को भारत में गूगल क्लाउड के वरिष्ठ निदेशक के पद पर नियुक्त किया है।
- भारत ने डेनमार्क के साथ दोनों देशों के बीच "बिजली सहयोग" विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- World Accreditation Day (WAD) : हर साल 9 जून को विश्व स्तर पर विश्व प्रत्यायन दिवस (WAD) व्यापार और अर्थव्यवस्था में मान्यता की भूमिका को उजागर करने और बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय प्रत्यायन फोरम (IAF) और अंतर्राष्ट्रीय प्रयोगशाला प्रत्यायन सहयोग (ILAC) ने WAD 2020 के लिए थीम “Accreditation: Improving Food Safety” तय की है।
- विश्व बैंक ने पश्चिम बंगाल सरकार को 1950 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया है। पश्चिम बंगाल सरकार को यह ऋण राशि राज्य में COVID-19 स्थिति से निपटने और विकासात्मक कार्यों के लिए दी गई है।
- गुवाहाटी के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) ने COVID-19 महामारी के दौरान अनुकूल और संपर्क रहित हवाई यात्रा के लिए "Flyzy" नामक एक एप्लिकेशन विकसित की है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 474

दिनांक - 12.06.2020 दिन - शुक्रवार

❖भारत में एशियाई शेरों की आबादी में 29% की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। एशियाई शेरों की संख्या साल 2015 में 523 से बढ़कर 2020 में 674 हो गई है, जो शेरों की आबादी में 29% की वृद्धि को दर्शाता है। पश्चिमी गुजरात में स्थित गिर अभयारण्य में यह जंगली शेर पाए जाते हैं। यह घोषणा गुजरात सरकार द्वारा की गई थी। इसके अलावा साल 2015 से 2020 की अवधि में शेरों के इलाके में भी 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। 2015 में शेरों का इलाका लगभग 22000 वर्ग किमी था जो 2020 में बढ़कर 30000 वर्ग किमी हो गया।

❖अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ द्वारा 2017 में लास वेगास में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भारत (मणिपुर लिफ्टर)की के. संजीता चानू पर लगे डोपिंग रोधी उल्लंघन के आरोपों से उन्हें मुक्त कर दिया गया है।

❖सड़क परिवहन मंत्रालय ने हाल ही में कोरोना वायरस महामारी को ध्यान में रखते हुए वाहनों के पेपर की वैलिडिटी बढ़ाने का फैसला किया है. मंत्रालय की घोषणा के अनुसार, ड्राइविंग लाइसेंस और फिटनेस समेत सभी तरह के कागजात की वैलिडिटी 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है. उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसे लागू कर दिया है.

❖संयुक्त अरब अमीरात (UAE) 15 जुलाई को पहली बार मंगल ग्रह के लिए मिशन लॉन्च करने जा रहा है. ऐसा करने वाला UAE अरब देशों की दुनिया में पहला देश होगा.

❖केंद्र सरकार ने 09 जून 2020 को बांस पर आयात शुल्क 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया. इसका उद्देश्य अगरबत्ती विनिर्माताओं को घरेलू बांस का उपयोग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है.

मिहिर यादव

# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 475

दिनांक - 13.06.2020 दिन - शनिवार

❖बांग्लादेश सरकार ने 'Shohojodha' नामक एक पहल शुरू की है, जो COVID -19 उपचार से ठीक हुए रोगियों के प्लाज्मा एक्सचेंज की सुविधा का एक ऑनलाइन नेटवर्क है।

❖उत्तराखंड वन विभाग ने हल्द्वानी में राज्य के सबसे बड़े जैव विविधता पार्क का शुभारंभ किया है।

❖केरल के कोचिन में स्थित एक स्टार्टअप वीएसटी मोबलिटी सॉल्यूशनंस द्वारा इस्तेमाल किए मास्क को डिस्पोज करने के लिए "BIN-19" और "UV SPOT" नामक डिवाइस लॉन्च किया गया है।

❖हाल ही में विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के विज्ञान संचार संस्थानों और एजेंसियों के बीच आपसी बातचीत, सहयोग और समन्वय को सुविधाजनक बनाने के लिए संयुक्त साइंस कम्युनिकेशन फोरम का गठन किया गया है। साइंस कम्युनिकेशन फोरम को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा गठित किया गया है।

❖हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए "पंचवटी योजना" का शुभारंभ किया है। "पंचवटी योजना" के अंतर्गत, हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के प्रत्येक विकास खंड में सभी आवश्यक सुविधाओं से लैस पार्क और उद्यान स्थापित करेगी।

❖कर्नाटक सरकार ने कक्षा पांच तक के बच्चों के लिए ऑनलाइन क्लास पर प्रतिबंध लगा दिया है.

❖चीन के मानवरहित सबमर्सिबल ने हाल ही में महासागर के नीचे विश्व के सबसे गहरे बिंदु तक गोता लगाने का कीर्तिमान बनाया है

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 476

दिनांक - 14.06.2020 दिन - रविवार

ओडिशा जनजातीय छात्रों के छात्रावासों के लिए ISO प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। एसटी एंड एससी कल्याण विभाग ने राज्य के सभी आदिवासी छात्रावासों के बुनियादी ढांचे, सुविधाओं और मानव संसाधनों को समान मानक प्रदान करने के लिए 'मिशन सुविधा' परियोजना शुरू की है।

1988 में स्थापित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (National Highway Authority of India) 'पूरी तरह डिजिटल' होने वाला निर्माण क्षेत्र का पहला संगठन बन गया है। NHAI ने यूनिक क्लाउड आधारित एवं आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस संचालित बिग डाटा एनालिटिक्स प्लेटफार्म-डाटा लेक एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट साफ्टवेयर को खतरनाक कोरोनावायरस महामारी से निपटने के लिए लॉन्च किया है। अब NHAI के कर्मचारी बिना किसी शारीरिक संपर्क और भौतिक रूप से फाइलों को छूए बगैर बिना डर के काम कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश सरकार ने दिव्यांग आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 'कोरोना योद्धा' (corona warriors) का दर्जा देने की घोषणा की है। इन दिव्यांग आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को यह दर्जा राज्य में चल रहे कोरोना संकट के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए दिया गया हैं।

उर्दू के मशहूर कवि आनंद मोहन जुत्शी गुलज़ार देहलवी का निधन। वह सरकार द्वारा उर्दू में प्रकाशित की जाने वाली एकमात्र विज्ञान पत्रिका 'साइंस की दुनीया' के संपादक थे, जो वर्ष 1975 में शुरू की गई थी। साथ ही, उन्हें समूचे भारत में उर्दू स्कूलों की स्थापना का श्रेय भी दिया जाता है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 476

दिनांक - 15.06.2020 दिन - सोमवार



- हर साल 13 जून को अंतर्राष्ट्रीय एल्बिनिज़्म (रंगहीनता) जागरूकता दिवस मनाया जाता है।
- भारत ने फीफा रैंकिंग में ने अपना 108 वां स्थान बरकरार रखा है। इस सूची में बेल्जियम पहले और विश्व चैंपियन फ्रांस दूसरे स्थान पर है जबकि ब्राजील तीसरे स्थान पर है।
- भारतीय-अमेरिकी मृदा वैज्ञानिक रतन लाल को इस वर्ष के लिए प्रतिष्ठित World Food Prize अर्थात विश्व खाद्य पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई है।
- हैदराबाद सिटी पुलिस ने हैदराबाद सिटी सिक्योरिटी काउंसिल (एचसीएससी) के साथ मिलकर घरेलू हिंसा और दुर्व्यवहार की शिकार महिलाओं की सहायता करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए "She Triumphs through Respect, Equality, and Empowerment" (STREE) नामक कार्यक्रम शुरू किया है।
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में बाल श्रमिकों को शिक्षित करने के लिए "बाल श्रमिक विद्या योजना" की शुरूआत की है। यह योजना अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शुरू की गई है।
- हाल ही में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा मुंबई शहर में बाढ़ की तीव्रता को कम करने के लिये अत्याधुनिक एकीकृत बाढ़ चेतावनी प्रणाली 'आईफ्लोस-मुंबई' (iFLOWS-Mumbai) को विकसित किया गया है।
- हाल ही में ऑपरेशन डेज़र्ट चेज़ के तहत राजस्थान पुलिस ने सैन्य खुफिया इनपुट्स के आधार पर जयपुर में दो रक्षा कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जो पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी आईएसआई को संवेदनशील जानकारी दे रहे थे।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 477

दिनांक - 16.06.2020 दिन - मंगलवार

पंजाब राज्य में COVID-19 के समुदाय प्रसार (community spread of COVID-19 ) की जाँच करने के लिए पंजाब सरकार द्वारा "घर घर निगरानी" ("Ghar Ghar Nigrani") मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया गया है।

भारतीय रेलवे के सेंट्रल रेलवे ज़ोन द्वारा एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सक्षम रोबोट "CAPTAIN ARJUN" लॉन्च किया गया है।

CSIR ने नेशनल हेल्थकेयर सप्लाई चेन पोर्टल लॉन्च किया है, जिसे "आरोग्यपथ" ("Aarogyapath") नाम दिया गया है। "

मुंबई में अत्याधुनिक बाढ़ चेतावनी प्रणाली (lood warning system) "iFLOWS" शुरू की गई है। iFLOWS में सात मॉड्यूल होते हैं: डेटा एसिमिलेशन, फ्लड, इनड्यूलेशन, वल्नरेबिलिटी, रिस्क, डिसेमिनेशन मॉड्यूल और डिसीजन सपोर्ट सिस्टम।

सहयोगी सुधांशु जी द्वारा दिया गया 👇
जम्मू-कश्मीर में लौटे श्रमिकों को सीमा सड़क संगठन की परियोजनाओं 'विजयक' और 'हिमांक' में लगाया जाएगा।

नई दिल्ली में प्रवासियों के संरक्षकों के तीसरे वार्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ।

देश - अल्बानिया
राजधानी- तिराना

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 478

दिनांक - 17.06.2020 दिन - बुधवार

♦ भारत और चीन के सैनिकों के बीच लद्दाख सीमा में झड़प हुई है, जिसमें कुछ सैनिक शहीद हो गए हैं।

❖अनमोल नारंग अमेरिकी सैन्य अकादमी से स्नातक की उपाधि पाने वाली बनी पहली सिख महिला बन गई है।

❖केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी द्वारा "GermiBAN" नामक एक उपकरण लॉन्च किया गया है। इस डिवाइस को अटल इंक्यूबेशन सेंटर एंड एसोसिएशन ऑफ लेडी एंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया (ALEAP) महिला उद्यमियों (Women Entrepreneurs) HUB द्वारा विकसित किया गया है। हाल ही में लॉन्च किए गए इस नए डिवाइस में 99.9% सतह और वायु रोगाणुओं को मारने की क्षमता है। इसलिए इस डिवाइस का इस्तेमाल क्वारंटाइन केंद्रों, आइसोलेशन वार्डों, अस्पतालों सहित कोरोनोवायरस वायरस को खत्म करने वाले सभी सामान्य स्थानों के लिए बहुत उपयोगी होगा।

♦ सहयोगी सुधांशु जी 👇 द्वारा दिया गया

उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश श्रमिक कल्याण आयोग के गठन की मंजूरी दी।

वंदेभारत मिशन के तहत बांग्लादेश और यूक्रेन में फंसे भारतीयों को लेकर दो उड़ानें अहमदाबाद हवाई अड्डे पहुंची।

AAFI - Amateur Athletics Federation of India

देश - अल्जीरिया

राजधानी - अल्जीयर्स

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 479

दिनांक - 18.06.2020 दिन - गुरुवार

उत्तर प्रदेश भारत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (MGNREGA) के तहत श्रमिकों को सबसे अधिक रोजगार मुहैया कराने वाला राज्य बन गया है।

अज़रबैजान के ग्रैंडमास्टर शखरियार मामेदिरोव (Shakhriyar Mamedyarov) ने वर्ल्ड स्टार्स शारजाह ऑनलाइन इंटरनेशनल शतरंज चैंपियनशिप जीत ली है। भारतीय ग्रैंडमास्टर पेंताला हरिकृष्ण चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रहे।

अरुणाचल प्रदेश में मछली की एक नई प्रजाति पता चला है जिसका नाम "Schizothorax sikusirumensis" रखा गया है। इस नई मछली प्रजातियों की खोज डॉ, केशव कुमार झा ने की है।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) द्वारा महाराष्ट्र के पालघर जिले में नीरा एवं ताड़गुड़ (Palmgur) का उत्पादन करने के लिए एक अनूठी परियोजना शुरू की गई है। KVIC द्वारा आरंभ की गई इस परियोजना का उद्देश्य साफ्ट ड्रिंक के विकल्प के रूप में नीरा को बढ़ावा देना है।

सहयोगी सुधांशु जी 👇 द्वारा दिया गया है

🌴म्यामांर ने कारेन राज्य में चीन के सहयोग से बनाई जा रही मेगा सिटी परियोजना में अनियमितता की जांच के लिए एक ट्राइब्यूनल गठित किया है।

👉ABM - Anti-Ballestic Missile

देश - अंडोरा

राजधानी - अंडोरा ला वेला

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 480

दिनांक - 19.06.2020 दिन - शुक्रवार

❖भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल हो गया है। भारत ने 193 सदस्यीय महासभा में 184 मत प्राप्त करने के बाद दो साल के लिए चुनाव जीता है।

❖भारत सरकार द्वारा बिहार के खगड़िया जिले के ब्लॉक बेलदौर के ग्राम तेलिहार से "गरीब कल्याण रोज़गार अभियान" शुरू किया जाएगा।

❖हैदराबाद स्थित डेक्कन डेवलपमेंट सोसाइटी ने प्रिंस अल्बर्ट II ऑफ मोनाको फाउंडेशन अवार्ड जीता है। यह सम्मान वर्ष 2020 के लिए पृथ्वी पर प्राकृतिक सम्मान के लिए सबसे अधिक प्रशस्त है।

❖भारत ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (GPAI या Gee-Pay) में बतौर संस्थापक सदस्य के शामिल हो गया है।

❖इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट डेवलपमेंट द्वारा हाल ही में जारी विश्व प्रतिस्पर्धी सूचकांक में भारत ने 43वां स्थान हासिल किया है।

♦सहयोगी सुधांशु जी 👇 द्वारा दिया गया
डी एफ सी सी आई एल ने चीन की कंपनी बीजिंग नेशनल रेलवे रिसर्च एंड डिजाइनइस्टटीट्यूट ऑफ सिग्नल एंड कम्युनिकेशन ग्रुप लिमिटेड के साथ किया गया अनुबंध खत्मकरने का फैसला किया है।

**AIIMS :- All India Institute of Medical Sciences**

**देश - अंगोला, राजधानी - लुआंडा**

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 481

दिनांक - 20.06.2020 दिन - शनिवार

❖कर्नाटक बैंक ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत यूनिवर्सल सोमपो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ मिलकर COVID-19 महामारी द्वारा उत्पन्न अनिश्चितताओं को कवर करने के लिए एक विशेष हेल्थ बीमा पॉलिसी शुरू की है। इस स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के तहत, कोई भी व्यक्ति 120 दिनों की वैधता अवधि के साथ, 399 रुपये के मामूली प्रीमियम पर COVID -19 के लिए स्वास्थ्य कवर का लाभ उठा सकता है।

❖भारत द्वारा जलवायु संकट की स्थिति पर देश की पहली राष्ट्रीय रिपोर्ट जारी की गई है। इस रिपोर्ट को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तत्वावधान में "Assessment Of Climate Change Over The Indian Region" अर्थात भारतीय क्षेत्र पर जलवायु परिवर्तन का आकलन शीर्षक के साथ तैयार किया गया है। इस रिपोर्ट से पता चला कि वर्ष 1901-2018 के दौरान भारत का औसत तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है, इस तापमान वृद्धि का प्रमुख कारण ग्रीनहाउस गैसों (GHG) के उत्सर्जन को बताया गया है।

❖कर्नाटक सरकार द्वारा 18 जून 2020 को समूचे राज्य "Mask Day" या "मास्क दिवस" मनाया गया।

♦ सहयोगी सुधांशु जी 👇 द्वारा दिया गया

👉ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आज गरीब कल्याण रोजगार अभियान शुरू करेंगे।

👉अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सूर्य ग्रहण भी होगा।

👉APEC - *Asia Pacific Economic Cooperation*

👉Country - *Antigua and Barbuda*

👉Capital - *Saint John's*

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 482

दिनांक - 21.06.2020 दिन - रविवार

❖उर्जित पटेल को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (NIPFP) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। यह एक economic think tank है जो नई दिल्ली, भारत में स्थित है। उर्जित पटेल की नियुक्ति चार साल की अवधि के लिए की गई है। वह वर्तमान अध्यक्ष विजय केलकर की जगह लेंगे।

❖भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक गैर-स्थायी सदस्य के रूप में चुना गया है और एक माह अगस्त, 2021 के लिए भारत, संयुक्त राष्ट्र निकाय के अध्यक्ष के रूप में काम करेगा।

❖केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय मामलों के मंत्री, प्रहलाद जोशी ने सुचारू क्रियान्वयन हेतु R & D पोर्टल "Science and Technology Yojana for Aatmanirbhar Bharat in Mining Advancement (SATYABHAMA)" शुरू किया है।

❖युनाइटेड नेशन हर साल 20 जून को विश्व स्तर पर विश्व शरणार्थी दिवस(World Refugee Day) मनाता है।

♦ सहयोगी सुधांशु जी 👇 द्वारा दिया गया

👉रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मॉस्को में द्वितीय विश्व युद्ध विजय की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विजय परेड में शामिल होंगे।

👉APSC - Army Postal Service Core

👉Country - Argentina

👉Capital - Buenos Aires

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 483

दिनांक - 22.06.2020 दिन - सोमवार

❖एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने महिला एशियाई कप 2022 की मेजबानी के अधिकार भारत को दिए हैं. यह टूर्नामेंट 42 साल बाद देश में होने जा रहा है. इससे पहले साल 1979 में मेजबान मिली थी, तब भारतीय टीम रनरअप रही थी.

❖हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने COVID-19 के परीक्षण की सुविधा प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाने के लिये भारत का पहला मोबाइल आई-लैब (Mobile I-LAB) लॉन्च किया। यह एक संक्रामक रोग नैदानिक प्रयोगशाला है, जिसे देश के सुदूर, आंतरिक एवं दुर्गम क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा।

♦हाल ही में मुंबई स्थित भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी ‘रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड’ (RIL) बाज़ार पूंजीकरण के मामले में 150 मिलियन डॉलर के मूल्य को प्राप्त करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (RIL) के इस विकास में सबसे बड़ा योगदान जियो (Jio) का माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (RIL) ने स्वयं को पूरी तरह से ऋण मुक्त कंपनी घोषित कर दिया है। विश्व की सबसे अधिक मूल्यवान कंपनियों की सूची में 1.7 लाख करोड़ डॉलर के साथ सऊदी अरामको (Saudi Aramco) शीर्ष स्थान पर है। इसके बाद एप्पल (Apple), माइक्रोसॉफ्ट (Microsoft) और अमेज़न (Amazon) का स्थान आता है।
सहयोगी सुधांशु जी 👇 द्वारा दिया गया

♦6ठे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2020 की थीम थी- घर पर योग, परिवार के साथ योग।

👉ASEAN=Association of South East Asian Nations


👉Country - Armenia, Capital - Yerevan



मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 484

दिनांक - 23.06.2020 दिन - मंगलवार

❖विश्व बैंक ने COVI19 महामारी के मद्देनजर बांग्लादेश में रोजगार सृजन करने और आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए तीन परियोजनाओं के लिए 1.05 बिलियन अमरीकी डालर की राशि मंजूरी की है।

❖नीति आयोग भारत में अंतर्राष्ट्रीय परिवहन फोरम के सहयोग से "Decarbonising Transport in India" परियोजना का शुभारंभ करेगा। यह परियोजना भारत में कम कार्बन परिवहन प्रणाली की ओर एक रास्ता तलाशने के लिए शुरू की जाएगी।

❖फ्रांस ने भारत की COVID-19 प्रतिक्रिया को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ 200 मिलियन यूरो के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

❖हर साल 21 जून को विश्व स्तर पर विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस मनाया जाता है। विश्व भर में शरणार्थियों की स्थिति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रत्येक वर्ष 20 जून को 'विश्व शरणार्थी दिवस' मनाया जाता है। वर्ष 2020 के लिये विश्व शरणार्थी दिवस की थीम 'एवरी एक्शन काउंट्स' (Every Action Counts) चुनी गई है।

♦सहयोगी सुधांशु जी 👇 द्वारा दिया गया

👉कान फिल्म मार्किट में भारतीय मंडप का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया।

👉उच्चतम न्यायालय ने ओडिसा के पुरी में कल से रथ यात्रा आयोजित करने को कुछ प्रतिबंधों के साथ अनुमति दी।

👉ASLV - Augmented Satellite Launch Vehicle

👉देश - आस्ट्रेलिया, राजधानी - कैनबरा

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक -485

दिनांक - 24.06.2020 दिन -बुधवार

- नीता अंबानी को अमेरिका की प्रतिष्ठित मैगजीन 'टाउन एंड कंट्री' ने साल 2020 के टॉप समाजसेवियों में स्थान दिया है। उनके साथ रिलायंस फाउंडेशन को भी इस लिस्ट में जगह दी गई है। मैगजीन द्वारा जारी की गई समाजसेवियों की लिस्ट में भारत से सिर्फ उन्हें ही शामिल किया गया है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) को इसके लिक्विड कूलिंग एंड हीटिंग गारमेंट (LCHG) के लिए पेटेंट मिल गया है।
- जर्मन बुक ट्रेड ने अपने प्रतिष्ठित 2020 शांति पुरस्कार के लिए प्रसिद्ध भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री और दार्शनिक अमर्त्य सेन को चुना है।
- बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद ने कोविड-19 इलाज के लिए क्लीनिकली कंट्रोल्ड, शोध, प्रमाण और ट्रायल आधारित पहली आयुर्वेदिक दवा 'कोरोनिल' बना ली है.
- भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में तनाव समाप्त करने पर आम सहमति बन गई है।
- मध्यप्रदेश सरकार ने सभी कालेज विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने का फैसला लिया है। हालांकि, कोई भी ऐसा छात्र, जो परीक्षा के माध्यम से अपने ग्रेड में और सुधार करना चाहता है, उसके पास परीक्षा देने का विकल्प भी होगा।
- ASSOCHAM -- Associated Chamber of Commerce and Industry (India)
- देश - ऑस्ट्रिया, राजधानी - वियना

मिहिर यादव और सुधांशु श्रीवास्तव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक -486



दिनांक - 25.06.2020 दिन -गुरुवार

❖केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, रमेश पोखरियाल 'निशंक' द्वारा "YUKTI 2.0" प्लेटफ़ॉर्म का वर्चुअली शुभारंभ किया गया है। यह मंच हमारे उच्च शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक क्षमता और इनक्यूबेटेड स्टार्टअप से संबंधित सूचनाओं को व्यवस्थित करने में सहायता प्रदान करेगा। यंग इंडिया कॉम्बेटिंग कोविड विद नॉलेज, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन (YUKTI) का उद्देश्य COVID-19 चुनौतियों के विभिन्न आयामों को बहुत समग्र और व्यापक तरीके से कवर करना चाहता है।

❖IIT- बॉम्बे ने इंडियन रिसीवर चिप "Dhruva" तैयार की है। इस चिप का इस्तेमाल मोबाईल फोन और रूट गैजेट में देश में लोकेशन की जानकारी और मार्ग को खोजने के लिए किया जा सकता है।

❖केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, अब RBI की निगरानी में सभी को-ऑपरेटिव बैंक हों गये हैं। आरबीआई की शक्तियां जैसे अनुसूचित बैंकों पर लागू होती हैं, वैसे ही सहकारी बैंकों पर भी लागू होंगी. देश में 1482 शहरी सहकारी बैंक और 58 बहु-राज्यीय सहकारी बैंक हैं.

❖हर साल 23 जून को विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय विधवा दिवस मनाया जाता है।

◆उत्तर प्रदेश सरकार ने कोरोना के संदिग्ध रोगियों की शीघ्र पहचान के लिए राज्य में एंटीजन टेस्ट शुरू किए हैं।

◆भारत के बाहर पहला योग विश्वविद्यालय अमरीका के लॉस एंजेलिस शहर में शुरू हो गया है।


◆ATS Anti Tetanus Serum

◆देश - अजरबैजान राजधानी - बाकू

मिहिर यादव और सुधांशु श्रीवास्तव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक -487

दिनांक - 26.06.2020 दिन -शुक्रवार

❖केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, हर्षवर्धन ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी (ICRS) की 'eBloodServices' मोबाइल एप्लिकेशन को लॉन्च किया है। सेंटर फ़ॉर डेवलपमेंट ऑफ़ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (CDAC) की ई-रक्तकोष टीम ने डिजिटल इंडिया योजना के तहत 'eBloodServices' मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया है। 'eBloodServices' एप्लिकेशन के जरिए कोई भी एक साथ चार यूनिट खून की मांग कर सकेगा, जिसकी निर्धारित समय के अंदर ब्लड की डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी।

❖हिमाचल प्रदेश राज्य पंचायती राज विभाग ने ई-पंचायत पुरस्कार-2020 का प्रथम पुरस्कार जीता है।

❖पशुपालन बुनियादी ढांचा विकास फंड की स्थापना 15000 करोड़ रुपये से की जाएगी।

❖त्रिपुरा सरकार ने गतिविधि आधारित एक विशेष बेसिक शिक्षा पहल "एकटू खेलों, एकटू पढ़ों" (Ektu Khelo, Ektu Padho) शुरू करने की घोषणा की है।

◆प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के जरिये आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश अभियान का शुभारंभ करेंगे।

◆प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक मकानों को मंजूरी दी गई है।

◆इंदौर हवाई अड्डे पर सुरक्षित दूरी पर नजर रखने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सेंसर के साथ एक स्मार्ट मशीन स्थापित की गई है।

◆BARC - Bhabha Atomic Research Centre


◆देश - बाहमास राजधानी - नसाऊ

मिहिर यादव और सुधांशु श्रीवास्तव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक -488



दिनांक - 27.06.2020 दिन -शनिवार

❖लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग 2019-20 का खिताब अपने नाम कर लिया है। फुटबॉल क्लब ने पिछले 30 वर्षों में यह पहला प्रमुख इंग्लिश खिताब जीता है।

❖प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में वर्चुली एक पथप्रदर्शक योजना "आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश रोज़गार अभियान" का शुभारंभ किया है। इस योजना का उद्देश्य हाल ही में अन्य राज्यों से लौटे राज्य के प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर मुहैया कराना है। यह योजना उत्तर प्रदेश के 31 जिलों में शुरू की गई है, जिसमें लगभग 25,000 से अधिक प्रवासी कामगार हैं।

❖त्रिपुरा सरकार ने एक महत्वाकांक्षी योजना "मुख्यमंत्री मातृ पुष्टि उपहार" (Mukhyamantri Matru Pushti Uphaar) शुरू करने की घोषणा की है। इस योजना का उद्देश्य गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को पोषण किट प्रदान करना है।

❖बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (BIAL), जो केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का संचालन भी करता है, अपने नए रनवे के दोनों छोरों पर स्वदेशी रूप से विकसित एविएशन वेदर मॉनिटरिंग सिस्टम(AWMS) स्थापित करने वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बन गया है। यह नई AWMS तकनीक बेंगलुरु स्थित CSIR-National Aerospace Laboratories द्वारा विकसित की गई है।

◆ BCG - Bacillus Calmette Guerin (Anti TB Vaccine)

◆देश - बहरीन राजधानी - मनामा

मिहिर यादव और सुधांशु श्रीवास्तव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक -489

दिनांक - 28.06.2020 दिन -रविवार



- नासा ने वाशिंगटन डी.सी. स्थित अपने मुख्यालय का नाम इसका इतिहास रचने वाले इंजीनियरों में से एक मैरी डब्ल्यू जैक्सन के नाम पर रखने का ऐलान किया।
- हाल ही में विजडन इंडिया द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, राहुल द्रविड़ को अब तक का सबसे महान भारतीय टेस्ट बल्लेबाज माना गया हैं।
- महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के उद्योगों में नए निवेश को आकर्षित करने के लिए "महा परवाना" योजना शुरू की है।
- फीफा महिला विश्व कप 2023™ की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड द्वारा की जाएगी। फीफा महिला विश्व कप 2023, 32 टीमों के साथ होने वाला पहला संस्करण होगा और साथ ही यह दो फेडरेशनों (AFC और OFC) ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड द्वारा मेजबानी में आयोजित होने वाला पहला टुर्नामेंट भी होगा।
- वर्ष 2017 के बाद से हर साल 27 जून को विश्व स्तर पर सूक्ष्म, लघु एवं मझौले आकार के उद्यमों का दिवस मनाया जाता है।
- सरकार ने भारतीय एयरलाइन कंपनियों को घरेलू उडानों में 33 की जगह अब 45 प्रतिशत यात्रियों की अनुमति दी।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कोविड-19 के रोगियों को ऑक्सीजन के वैकल्पिक रूप से ग्लूकोकार्टिकोस्टेरॉइड डेक्सामेथासोन भी दिया जा सकता है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर संस्कृति मंत्रालय कल से 12 जुलाई तक संकल्प पर्व मनाएगा।
- BCCI Board of Control for Cricket in India
- देश-अफ़ग़ानिस्तान राजधानी-काबुल मुद्रा-अफगानी

मिहिर यादव और सुधांशु श्रीवास्तव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक -490

दिनांक - 29.06.2020 दिन -सोमवार



❖उत्तर प्रदेश (UP) के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (UPSSSF) के गठन को मंजूरी दे दी है. इसका गठन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) की तर्ज पर किया गया है.प्रारंभ में पांच बटालियन से युक्त इस विशेष सुरक्षा बल का मुख्यालय लखनऊ में प्रस्तावित है। विशेष सुरक्षा बल का प्रयोग मुख्य रूप से मेट्रो, एयरपोर्ट, औद्योगिक इकाइयों, बैंकों, वित्तीय संस्थानों, ऐतिहासिक, धार्मिक स्थानों और जिला अदालतों में किया जाएगा।

❖अमेरिकी सीनेट ने 25 जून 2020 को चीन को करारा झटका देते हुए हांगकांग की सम्प्रभुता की रक्षा के लिए सर्वसम्मति से हांगकांग ऑटोनॉमी नामक एक विधेयक पारित किया है.

❖छत्तीसगढ़ सरकार पुशपालकों को लाभ पहुंचाने हेतु गोधन न्याय योजना शुरू करेगी।

❖ राजस्थान सरकार कोरोनावायरस और उसके द्वारा उत्पन्न बेरोजगारी और भुखमरी की समस्या से निपटने के लिए इंदिरा रसोई योजना शुरू करेगी।

◆त्रिपुरा में कोविड-19 मरीजों की स्वास्थ्य दर 81% हुई।

◆BEL- Bharat Electronics Limited

◆देश - आर्मीनिया राजधानी- येरेवान मुद्रा- अरमेनियाई दरम

मिहिर यादव और सुधांशु श्रीवास्तव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक -491

दिनांक -30.06.2020 दिन -मंगलवार

- केंद्र सरकार ने भारत-चीन तनाव के बीच टिकटॉक, UC ब्राउजर, हेलो, DU बैटरी सेवर समेत 59 मोबाइल एप पर प्रतिबंध लगा दिया है.
- IAS अधिकारी विनी महाजन पंजाब की पहली महिला मुख्य सचिव बन गईं हैं। वर्तमान में, केंद्र में सचिव का पद संभालने वाली विनी महाजन राज्य की एकमात्र पंजाब कैडर अधिकारी हैं। उन्हें भारत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय साक्षरता पुरस्कार दिया जा चुका है। वह 1995 में पंजाब में उपायुक्त (डीसी) के रूप में तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं थी।
- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को मध्य प्रदेश के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।
- भारतीय अंपायर नितिन मेनन को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अंपायरों के एलीट पैनल में शामिल किया गया है।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास, पंचायती राज और कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा गरीब कल्याण रोज़गार अभियान का वेब पोर्टल लॉन्च किया गया है।
- आयरलैंड के निचले सदन द्वारा माइकल मार्टिन को आयरलैंड का नया प्रधान मंत्री चुना गया है।
- महाराष्ट्र में नागपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दुनिया के सबसे बड़े प्लाज्मा थेरेपी परीक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया।
- BENELUX - Belgium, Netherlands and Luxemburg
- देश - अज़रबैजान, राजधानी- बाकू, मुद्रा- अज़रबैजानी मैनेट

मिहिर यादव और सुधांशु श्रीवास्तव